हिंदी
(301)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

निर्देश : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके आगे अंकित हैं।

(ii) उत्तर-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन-केंद्र का नाम एवं विषय लिखिए।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में लिखिए :

1. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के संदर्भ में मज़दूर वर्ग के अवलोकन पर अपना अनुभव लिखिए। (2)

(पाठ-13 देखें)

अथवा

'मैं नीर भरी दुख की बदली' के आधार पर एक सामान्य स्त्री की वेदना व्यक्त कीजिए।

(पाठ-14 देखें)

2. 'क्रोध' निबंध आपने पढ़ा। अपने अनुभव के आधार पर लिखिए कि क्रोध किस प्रकार पश्चाताप पर ही समाप्त होता है। (2)

(पाठ-26 देखें)

अथवा

'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ में दिए गए विश्लेषण एवं निष्कर्ष से क्या आप सहमत हैं? पक्ष अथवा विपक्ष में अपना मत व्यक्त कीजिए। (पाठ-7 देखें)

3. 'अनुराधा' कहानी में अनुराधा का चरित्र नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। सिद्ध कीजिए। (2)

(पाठ-15 देखें)

अथवा

बिहारी ने अपने एक दोहे में 'कनक कनक तैं सौगुनी' में धन की अधिकता का कुप्रभाव व्यक्त किया है। आज के संदर्भ में इस दोहे की सार्थकता व्यक्त कीजिए। (पाठ-11 देखें)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में लिखिए :

4. 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास की भाषा उस समय के परिवेश और पात्रों का सजीव वर्णन करने में समर्थ है। सोदाहरण विवेचना कीजिए। (4)

(पाठ-32 देखें)

अथवा

'परशुराम के उपदेश' कविता में देशवासियों को स्वाधीनता के लिए संघर्ष की प्रेरणा दी गई है। आज के संदर्भ में क्या यह कविता प्रासंगिक है? सोदाहरण सिद्ध कीजिए। (पाठ-22 देखें)

5. हिंदी कविता की विकास यात्रा से आप भली-भांति परिचित हैं। आप किस काल की कविता से सर्वाधिक प्रभावित हैं और क्यों? उस काल की मुख्य विशेषताएँ और रचनाकारों के नाम लिखिए। (4)

(पाठ-25 देखें)

अथवा

'दो कलाकार' कहानी पाठक को समाज सुधार का संदेश देती है। मन्नू भंडारी द्वारा लिखी किसी अन्य मूल्य पर आधारित कहानी पढ़िए और विश्लेषण कीजिए। (पाठ-8 देखें)

6. निम्नलिखित में से किसी एक पर परियोजना तैयार कीजिए। (6)

(क) विश्व के पाँच सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश (भारत के अलावा) चुनें और वहाँ जनसंख्या वृद्धि के कारण, उसके दुष्प्रभावों और उस देश द्वारा उठाए गए कदमों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करें तथा वे उपाय सुझाएं जिन्हें भारत जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए अपना सकता है।

(ख) 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर सभी संचार माध्यमों से सूचनाएं एकत्र कीजिए और एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार कीजिए।